# त्रैमासिक परीक्षा 2018-2019
## हिन्दी

कक्षा : XII
समय : 3 घंटे 15 मिनट पूर्णांक : 100

### "हिन्दी भाषा"

**प्र.1. किसी एक विषय पर लगभग 400 से 450 शब्दों में एक प्रस्ताव/कहानी लिखिए। [20]**

(क) 'आजकल लोगों में स्वच्छंद आचरण की प्रवृति बढ़ती जा रही है, जिसका कारण है – नैतिक शिक्षा का अभाव।' इस पर अपने विचार लिखिए।

(ख) 'प्लास्टिक के प्रयोग से दूषित पर्यावरण' – मानव का सबसे बड़ा शत्रु।

(ग) अगर आपको 'एक दिन' अपनी इच्छानुसार बिताने का मौका दिया जाए तो आप उसे कैसे बिताना चाहेंगे और क्यों ?

(घ) "आज फेसबुक वॉट्स अप......आदि की बढ़ती लोकप्रियता विद्यार्थी वर्ग के पतन का कारण बनता जा रही है। इस कथन से आप कहाँ तक सहमत है ? अपने विचार लिखिए।

(ङ) किसी एक विषय पर मौलिक कहानी लिखिए :–

(i) "परहित सरिस धर्म नहीं भाई"

(ii) बचपन की मीठी यादें ।

**2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए एवं नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए :– [10]**

*(Turn Over)*



Downloaded From www.icseboard.org

योगासनों का अभ्यास करने से शारीरिक बल ही नहीं, मानसिक बल भी प्राप्त होता है। एकाग्रता बढ़ती है। स्मरण शक्ति का विकास होता है। इसलिए ये विद्यार्थियों के लिए बहुत उपयोगी है। हल्के-फुल्के शरीर और तनाव रहित मन से कार्यदक्षता बढ़ती है। यही कारण है कि आज कार्यालयों में काम करने वाले लोग भी योगासनों से लाभ उठा रहे हैं।

इसमें संदेह नहीं कि आज मनुष्य ने कल्पनातीत भौतिक प्रगति कर ली है। परन्तु इससे बहुत हानियाँ भी हुई हैं। भीड़ भाड़, प्रतिस्पर्धा, क्षमता से अधिक कार्य करना, शोरगुल आदि से तनाव और बेचैनी बढ़ी है। तनाव अनेक रोगों को जन्म देता है, जैसे रक्तचाप, अनिद्रा, अपच, तथा अनेक प्रकार के हृदय और मानसिक रोग। योगासनों द्वारा इनपर काबू पाया जा सकता है। यही कारण है कि आज विशेषज्ञ चिकित्सक भी अपने रोगियों को योगासनों की ओर प्रवृत्त कर रहे हैं। और तो और अंतरिक्ष में भी योगासनों पर प्रयोग किए गए हैं और पाया गया है कि योगाभ्यास से यात्रियों को सुविधा हुई है।

योगासनों के बारे में पढ़कर या बिना किसी निर्देशन के उसे करना उचित नहीं होता। यह ऐसा ही है जैसे बिना डॉक्टर से पूछे दवा लेना। प्रारम्भ में कुशल निर्देशक या अध्यापक से योगासन सीखने चाहिए फिर उनका धीरे-धीरे अभ्यास करना चाहिए। समयावधि भी धीरे-धीरे ही बढ़ानी चाहिए। किसी खुले और शान्त स्थान पर नित्य नियमपूर्वक 15 से 30 मिनट तक योगासन करना पर्याप्त है।

व्यायाम की हजारों वर्ष पुरानी यह योग-प्रणाली आज विश्वभर में



**'गद्य संकलन'**

(4) **'भक्तिन' :-** "कर्मठ व्यक्ति भी भाग्य के हाथों छला जाता है।" भक्तिन कहानी के आधार पर सिद्ध कीजिए ।

(5) **'गौरी' :-** "स्वतंत्रता आन्दोलन में जहाँ सीताराम जी का कार्य सराहनीय है वहीं गौरी का त्याग भी कम नहीं है।" कथन की समीक्षा कीजिए ।

(6) **'पुत्र प्रेम' :-** कहानी में धन को महत्व देने वाले आधुनिक समाज की मानसिकता ने पिता से पुत्र को सदा-सदा के लिए किस प्रकार अलग कर दिया। उदाहरण देकर समझाइए।

**'आषाढ़ का एक दिन'**

(7) **विलोम का शाब्दिक अर्थ क्या है ? नाटक में उसकी भूमिका स्पष्ट करते हुए उसका चरित्र-चित्रण कीजिए।**

(8) **"...देख रही हूँ तुम्हारा घर बहुत जर्जर स्थिति में है। इसका परि संस्कार आवश्यक है...।'**

(i) इस कथन के वक्ता और श्रोता कौन है ? इस वक्त वे कहाँ हैं ? [1½]

(ii) परिसंस्कार शब्द का अर्थ बताइए। यहाँ किसके घर के परिसंस्कार की बात हो रही है ? और क्यों ? [3]

(iii) घर का परिसंस्कार करवाने के पीछे वक्ता का क्या मकसद था ? स्पष्ट कीजिए।

(iv) जिसके घर का परिसंस्कार करने की बात की जा रही है, वह इसके लिए मना क्यों कर रही है ? इसके आधार पर उसकी किन्हीं दो चारित्रिक विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

(9) **'आषाढ़ का एक दिन' नाटक के तृतीय अंक की कथा वस्तु संक्षेप में लिखिए।**



Downloaded From www.icseboard.org

प्रचलित है। बाबा रामदेव जी के द्वारा तो इस क्षेत्र में क्रान्ति ही ला दी गई है। आज क्या वृद्ध, क्या बच्चे सबों ने योगासन के महत्व को समझा एवं अपनाया है। यह अपने - आप में प्रमाण है कि भारतीय चिंतन कितना लोकोपकारी रहा है और भारतीय सोच में कितनी वैज्ञानिकता है । **[4x5=20]**

(i) योगासन करने के क्या लाभ हैं ?

(ii) मनुष्य की प्रगति के साथ क्या-क्या हानियाँ हुई हैं ?

(iii) योगासन कब और कैसे करना चाहिए ?

(iv) बिना निर्देशन के योगासन करने से क्या हानियाँ हो सकती हैं ?

(v) 'बाबा रामदेव जी ने' इस क्षेत्र में क्रांति ला दी है' - कथन की समीक्षा करें।

**प्र.3. निम्नलिखित मुहावरों से वाक्य बनाइए :-** **[1x5=5]**

(i) टका सा जवाब देना ।

(ii) जान के लाले पड़ना ।

(iii) चेहरे पर हवाइयाँ उड़ना ।

(iv) लेने के देने पड़ना ।

(v) एक ही थैली के चट्टे-बट्टे ।

**प्र.4. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए :-** **[1x5=5]**

(i) मुकेश स्वयं ही अपना काम कर लेगा ।

(ii) विनय ने सहायता करने के नाम पर अपने मित्र का अँगूठा पा लिया।

*{Turn Over}*



प्रचलित है। बाबा रामदेव जी के द्वारा तो इस क्षेत्र में क्रान्ति ही ला दी गई है। आज क्या वृद्ध, क्या बच्चे सबों ने योगासन के महत्व को समझा एवं अपनाया है। यह अपने - आप में प्रमाण है कि भारतीय चिंतन कितना लोकोपकारी रहा है और भारतीय सोच में कितनी वैज्ञानिकता है । [4x5=20]

(i) योगासन करने के क्या लाभ हैं ?

(ii) मनुष्य की प्रगति के साथ क्या-क्या हानियाँ हुई हैं ?

(iii) योगासन कब और कैसे करना चाहिए ?

(iv) बिना निर्देशन के योगासन करने से क्या हानियाँ हो सकती हैं ?

(v) 'बाबा रामदेव जी ने' इस क्षेत्र में क्रांति ला दी है' - कथन की समीक्षा करें।

प्र.3. निम्नलिखित मुहावरों से वाक्य बनाइए :- [1x5=5]

(i) टका सा जवाब देना ।

(ii) जान के लाले पड़ना ।

(iii) चेहरे पर हवाइयाँ उड़ना ।

(iv) लेने के देने पड़ना ।

(v) एक ही थैली के चट्टे-बट्टे ।

प्र.4. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए :- [1x5=5]

(i) मुकेश स्वयं ही अपना काम कर लेगा ।

(ii) विनय ने सहायता करने के नाम पर अपने मित्र का अँगूठा पा लिया।

{Turn Over}

3

Downloaded From www.cseboard.org

(iii) यह तो वही बात हुई जैसी लाठी वैसी भैंस ।

(iv) मैं पुस्तक खरीदने के हेतु बाजार गई ।

(v) चोर सोमनाथ के घर पैर दबाकर आया ।

## हिन्दी साहित्य [12½x4=50]

**किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

**प्रत्येक पुस्तक से एक-एक प्रश्न करना अनिवार्य है।**

### 'काव्य मंजरी'

(1) **'बाल-लीला'** :- बाल-कृष्ण ने क्या-क्या कहकर अपनी माता यशोदा से बलराम की शिकायत की ? माँ ने उसे किस प्रकार सांत्वना दी?

(2) **'उद्यमी नर'** :- प्रकृति किस शक्ति से पराजित होती है ? कवि ने अपनी बात को सिद्ध करने के लिए कौन-कौन से उदाहरण दिए हैं? कविता से क्या प्रेरणा मिलती है ?

अथवा

(i) उद्यमी नर कविता के कवि का संक्षिप्त परिचय दीजिए । [2]

(ii) मनुष्य धरती को स्वर्ग कैसे बना सकते हैं ? समझाइए । [3]

(iii) भाग्य के भरोसे रहने वाले जीवन में पिछड़ जाते है? कैसे? [3]

(iv) जीवन में परिश्रम का महत्व क्या है ? उदाहरणों द्वारा स्पष्ट कीजिए। [4½]

(3) **'एक फूल की चाह'** :- कविता में सुखिया के पिता की मार्मिक व्यथा को स्पष्ट करते हुए कविता के हृदयस्पर्शी अंत पर प्रकाश डालिए। कविता का संदेश भी स्पष्ट कीजिए।



(iii) यह तो वही बात हुई जैसी लाठी वैसी भैंस ।

(iv) मैं पुस्तक खरीदने के हेतु बाजार गई ।

(v) चोर सोमनाथ के घर पैर दबाकर आया ।

हिन्दी साहित्य [12½x4=50]

किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

प्रत्येक पुस्तक से एक-एक प्रश्न करना अनिवार्य है।

'काव्य मंजरी'

(1) 'बाल-लीला' :- बाल-कृष्ण ने क्या-क्या कहकर अपनी माता यशोदा से बलराम की शिकायत की ? माँ ने उसे किस प्रकार सांत्वना दी?

(2) 'उद्यमी नर' :- प्रकृति किस शक्ति से पराजित होती है ? कवि ने अपनी बात को सिद्ध करने के लिए कौन-कौन से उदाहरण दिए हैं? कविता से क्या प्रेरणा मिलती है ?

अथवा

(i) उद्यमी नर कविता के कवि का संक्षिप्त परिचय दीजिए । [2]

(ii) मनुष्य धरती को स्वर्ग कैसे बना सकते हैं ? समझाइए । [3]

(iii) भाग्य के भरोसे रहने वाले जीवन में पिछड़ जाते है? कैसे? [3]

(iv) जीवन में परिश्रम का महत्व क्या है ? उदाहरणों द्वारा स्पष्ट कीजिए। [4½]

(3) 'एक फूल की चाह' :- कविता में सुखिया के पिता की मार्मिक व्यथा को स्पष्ट करते हुए कविता के हृदयस्पर्शी अंत पर प्रकाश डालिए। कविता का संदेश भी स्पष्ट कीजिए।

4

Downloaded From www.icseboard.org